


दैनिक

पटना, 07 जून, बुधवार, 2023

# मैं 'मन की बात' नहीं करना चाहता, मुझे 'आपके मन में क्या है' जानने में दिलचस्पी है

- श्री राहुल गांधी





# मगध प्रमंडल कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत



## गया

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के द्वारा गया जिला के स्थानीय न्यू बंगाली आश्रम नवागढी में मगध प्रमंडल कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत बिहार सरकार के पूर्व मंत्री आदरणीय श्री 'अवधेश कुमार सिंह' जी ने झंडोतोलन कर किया।

इस मौके पर मगध प्रमंडल कांग्रेस सेवादल के साथ प्रशिक्षण शिविर के आयोजक बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डा संजय कुमार यादव, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रभारी अफरोज आलम, केंद्रीय प्रशिक्षक पवन चौधरी, गया जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष डा गगन मिश्रा जी, गया जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के महिला अध्यक्ष रुचि सिंह, कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय समन्वयक नारायण कुमार सिंह।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, गया जिला कांग्रेस कमिटी सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष मो० अज़हरुद्दीन जी संतोष कुमार कुशवाहा, मो अहमद रजा खान सहित सैंकड़ो नेता एवम् कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# कांग्रेस सेवादल मगध प्रमंडल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सेवा, समर्पण, संघर्ष, को तेज करने के संकल्प के साथ हुआ






संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम आज गया के स्थानीय न्यू बंगाली आश्रम नवागढी में मगध प्रमंडल कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पार्टी के झंडोतोलन कार्यक्रम से शुरू हुआ।

प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटनकर्ता बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह जी ने झंडोतोलन किया। इनके साथ प्रशिक्षण शिविर के आयोजक बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डा संजय कुमार यादव, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रभारी अफरोज आलम, केंद्रीय प्रशिक्षक पवन चौधरी, गया जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष डा गगन मिश्रा, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, गया जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के महिला अध्यक्ष रुचि सिंह, कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय समन्वयक नारायण कुमार सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, संतोष कुमार कुशवाहा, मो अहमद रजा खान,बाबूलाल सिंह, खालिद अमीन सहित गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा, अरवल के सैकड़ों कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह ने मगध प्रमंडल के गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा, अरवल के सभी 61 प्रखंडों से प्रशिक्षण शिविर में शामिल सैकड़ों कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए पार्टी को जन, जन में सशक्त बनाने, जनसमस्याओं से जूझने, सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का मूल मंत्र के साथ, साथ कांग्रेस के सात गारंटी योजना को लोकसभा चुनाव में पार्टी के एजेंडा में शामिल करने पर विशेष बल दिया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रभारी ने सेवादल की स्थापना से लेकर आज तक के इतिहास को बताते हुए , सेवादल को पार्टी का रीढ़ बताते हुए तीनों दिन सभी प्रशिक्षणार्थियों को अभ्यास वर्ग एवम् सभी वरिष्ठ ट्रेनर की बातो को आत्मसात करने का आह्वान किया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश मुख्य संगठक डा संजय कुमार यादव ने कहा की बिहार के सभी नौ प्रमंडलों में 03 जून से 03 जुलाई तक एक महीने तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में पटना के बाद आज दूसरा मगध प्रमंडल का प्रशिक्षण शिविर में गया सहित सभी प्रमंडल के जिला से आए सभी साथियों में काफी उत्साह, एवम् ऊर्जा वर्धक है, जिसमे सभी साथी अपने को सशक्त स्वयं सेवी कार्यकर्ता बन कर पार्टी एवम् जनता की सेवा करते रहे।

प्रशिक्षण शिविर में मगध प्रमंडल के वरिष्ठ नेतागण जिसमे युगल किशोर सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार,केदार प्रसाद,धीरज वर्मा,राजीव सिंह,शिव चौरसिया,सुनील राम,अजीत कुमार सिंह, मो हसीबुद्दीन खान,शशिकांत सिंह,ब्रह्मदेव यादव,सुदामा यादव,सीताराम जी,रवि भास्कर, पंकज पासवान,रामनंद प्रसाद, रंजीत सिंह, धर्मेंद्र कुमार निराला, बबलू शर्मा, मो ताजुद्दीन, मो नवाब अली, मो खैरुद्दीन, मो अजहरुद्दीन, गिरेंद्र कुमार, शशिकांत सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव, सुनील कुमार राम, विनोद उपाध्याय, प्रदीप मांझी, उमेश पंडित, जितेंद्र यादव, बीरेंद्र कुमार बीरू, मो गालिब, अजीत सिंह, छोटेलाल सिंह, मो इमाम, संजय पांडे, देवेंद्र प्रताप सिंह, मो ताजुद्दीन, वीरेंद्र सिंह,अजलान,भाई ओंकार, ओम प्रकाश कुमार, शशिकांत सिन्हा,संजय महाराज,बबलू शर्मा,प्रदीप शर्मा,बबलू राम,रंजीत सिंह,कुणाल कुमार चौधरी, पूना मांझी, रवि कुमार, पप्पू कुमार, ऋतिक पांडे,विक्की खान सहित सैकड़ों कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता ने प्रशिक्षण शिविर में अपना, अपना रजिस्ट्रेशन करा कर प्रशिक्षण शिविर में भाग लिए।

प्रशिक्षण शिविर में आगामी लोकसभा चुनाव में सूबे के सभी बूथों पर सेवादल के दो से पांच यूथ की तैनाती की गठन पर कार्यरूप देने पर विचार किया गया।

प्रशिक्षण शिविर के बेहतर संचालन में गया जिला कांग्रेस सेवादल के मगध समन्वयक मो अहमद रजा खान, गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा गगन मिश्रा सहित गया जिला के सभी वरिष्ठ नेताओ का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

भवदीय

डा गगन कु मिश्र (जिलाध्यक्ष) एवं विजय कुमार मिठू (मगध प्रवक्ता)

# पैतृक हल्का उकलाना के लिए महा मानवीय सिद्ध होगी शैलजा - विजेंद्र कपूर

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

उकलाना ः गत सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य कुमारी शैलजा का अपने पैतृक गांव प्रभुवाला ने पूरे ढोल धमाकों के साथ अपनी बेटी की पूरे सम्मान के साथ सर आंखों पर बिठाया जो सारा दिन पर्व सा उत्सव रहा। बता दें कि विगत में उकलाना हलके में भी महंगाई, बेरोजगारी व सरकार द्वारा नारी सुरक्षा पर ध्यान न देने पर समय-समय पर शैलजा ने संघर्ष किया है जो बहन शैलजा ने जता दिया कि वर्तमान में यह उदीयमान बेटी ही उकलाना हल्के की बुलंद आवाज बनी है जो जमीन से जुड़ी नेत्री है। इसके साथ-साथ गांव प्रभुवाला में कई ग्रामीण योजनाओं के तहत निर्मित योगनाओं का उद्घाटन किया।

कांग्रेस सेवादल जिला हिसार के अध्यक्ष विजेंद्र कपूर ने बताया कि ₹ शैलजा बहन हमारी ,आएगी अबकी बारी ₹इसमें कोई शक नहीं है कि वर्तमान सरकार की नाकामी से आम जनता का मोहभंग हो चुका है तो वहीं विगत में कांग्रेस द्वारा किए गए विकास को लोग भूले भी नहीं है। अबकी बार जनता शैलजा जैसी कर्मठ जुझारू एवं जनता की समस्याओं को समझने वाली नेत्री को राहुल गांधी के सानिध्य में राजनीति की बागडोर सौंपी गई क्योंकि शैलजा की




राष्ट्रीय विशेषताएं ही समाज में खुशहाली ला सकती है।

इस मौके पर - पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी। राहुल गांधी पंचायती राज प्रदेशाध्यक्ष डॉ सुनील पवार। पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया। डा, अजय चौधरी चौधरी । जगन्नाथ जी । बरवाला पूर्व प्रत्याशी भूपेंद्र गंगवा।पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा। पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी। कांग्रेस सेवादल जिला हिसार अध्यक्ष विजेंद्र कपूर। उपाध्यक्ष शमशेर सिंह। कार्यालय सचिव राहुल पंचाल। जिला सचिव सतबीर मुवाल। जिला प्रेस सचिव सुखबीर सिंह। सोनू खरकड़ा। सुंदर खरकड़ा। संदीप मदनपुरा। सुनील मदनपुरा। राजवीर सोनी। सतीश शर्मा। गांधी कुलेरी। सत्यनारायण सरोहा। प्रभुवाला सरपंच अनिल। लाल बहादुर खोवाल। पूर्व प्रत्याशी राजबाला। मास्टर सिंह खेदड़। स्नेह लता। संतोष जून आदि सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

**साथियों**
**बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी आगामी 11 जून, 2023 को जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, पटना में "दलित संवाद" का आयोजन कर रही है। यह आयोजन दिन के साढ़े दस बजे से प्रारंभ होगा।**

**इस आयोजन में विभिन्न राजनीतिक दलों के दलित प्रतिनिधि , सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, छात्र, शिक्षक, बुद्धिजीवी आदि भाग लेंगे।**

**कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष भी इस आयोजन में शामिल होंगे।**

**आयोजन को सफल बनाने के लिये आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।**

**सधन्यवाद**
**आनन्द माधव**
**चेयरमैन, रिसर्च विभाग एवं प्रवक्ता, बिहार कांग्रेस**

# अवकाश प्राप्त प्रोफेसर तरुण पासवान का आकस्मिक निधन

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

06 जून 2023 को खगड़िया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कुमार भानु प्रताप उर्फ गुड्डू पासवान से बड़े मंझले भाई, खगड़िया प्रखंड के नन्हकूमंडल टोला निवासी रहीमपुर मध्य पंचायत के पूर्व मुखिया एवं अवकाश प्राप्त प्रोफेसर तरुण पासवान के आकस्मिक निधन हो गया।

उनके निधन की खबर सुनकर खगड़िया सदर के विधायक छत्रपति यादव सहित कांग्रेस के कई नेता स्तब्ध हो गए इन नेताओं ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि तरुण बाबू एक महान समाजसेवी थे। व रहीमपुर मध्य पंचायत के 22 वर्षों तक मुखिया रहकर समाज सेवा में लगे रहे। फिर बिहार विश्वविद्यालय के बेतिया कालेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहे।

प्रोफेसर पद से अवकाश ग्रहण करने के बाद समाज सेवा में लगे रह कर कांग्रेस पार्टी से भी जुड़े रहे। काफी संख्या में रहीमपुर मध्य पंचायत के लोगों ने उनके अंतिम दर्शन हेतु पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए।

इसके अलावे खगड़िया जदयू जिला अध्यक्ष बबलू मंडल ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दिए। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कुमोद कुमार सिंह, बुद्धदेव प्रसाद यादव, प्रोफेसर आनंद कुमार, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार अधिवक्ता, जिला सचिव राजीव उर्फ गुड्डू,



बेलदौर प्रखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मुरारी सिंह, जद यू के नेता पंकज पटेल, उमेश प्रसाद सिंह, कुलदीप कुमार, राजनीति प्रसाद सिंह आदि नेताओं ने भी संवेदना प्रकट कर श्रद्धांजलि दिए।

# आर्थिक असमानता कम करने वाली नीतियां तथा स्त्रियों की सुरक्षा के लिए करा कदम उठाए मोदी सरकार

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

भारत जीडीपी में ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गया ! वाह..वाह.. खुश मत होइए श्रीमान,,

आगे जानिए प्रति व्यक्ति आय के पैमाने पर दोनों देशों में 20 गुना का अंतर है।

इंडोनेशिया की प्रति व्यक्ति आय दूनी ब्राजील की 4 गुनी और चाइना की 6 गुनी है।

इसके अलावा मानव विकास सूचकांक में कई वर्षों से 130- 135 वें स्थान पर खड़े हैं हम।

देश में पिछले 9 वर्षों से गरीबी का सांख्यिकी आकलन नहीं किया गया है।

वर्ल्ड बैंक के 2022 के अध्ययन के अनुसार सन 2019 तक 13.70 करोड़ लोग 46रुपये प्रति दिन पर और 61.20 करोड़ लोग 78 रुपये प्रतिदिन पर गुजारा कर रहे थे।

इसमें क्या कुछ बदलाव हुआ ?

अब तक कोई प्रमाणिक रिपोर्ट नहीं आ रहा है सामने।मोदी सरकार द्वारा।

वास्तविकता को छिपाया नहीं जा सकता।

कोरोना-कोरोना-कोरोना के बाद गरीबों की संख्या में 5 करोड़ से 10 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है।

विश्व बैंक की पिछले वर्ष की रिपोर्ट भारत को सबसे अ समानता वाले कुछ देशों में शुमार करती है।

जहां ऊपर के 10% लोंगों की आय नीचे की 50% लोंगों से 22 गुना ज्यादा है।

जो मोदी सरकार की कारगुजारी का द्योतक है।

अडानी,अंबानी, बाबा रामदेव जैसों की चांदी ! गोदी मीडिया की बल्ले-बल्ले !!

और खेती पथारी से जुड़े लोग, दुकानदारी से जुड़े लोग, दिहारी मजदूरी से जुड़े लोग के घर दरिद्रता का आलम।

एनडीए सरकार जीडीपी में वृद्धि देखकर-दिखाकर खुश होने के बजाय आर्थिक असमानता कम करने वाली नीतियां बनाए।

साथ-साथ स्त्री खिलाड़ियों के यौन दुर्व्यवहार के दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दे ना कि नए संसद भवन उद्घाटन समारोह के चर्चित चेहरे............

...रणजीत कुमार मुखिया जी
पूर्व जिला सचिव बेगूसराय काँग्रेस कमिटी।



# बालू में हुए बवाल पर जननायक पूर्व मंत्री अवधेश सिंह जी पहुंचे बांकेबाज़ार

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

#इमामगंजः विधानसभा के नावाडीह बालूघाट पर पिछले सप्ताह हुई आगलग्गी में हुई गिरफ्तारी पर किसान मोर्चा आंदोलन करने के लिए बांकेबाज़ार के भलुहार में जमा हुए थे।

जिसमें पुलिस और पब्लिक के बीच पथराव हुए थे। जिसमें पुलिस ने वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लगातार गिरफ्तारी कर रही है।

इसी को लेकर सोमवार को बांकेबाज़ार मे वहा के क्षेत्रीय जनता की समस्याओ को सुना उसके बाद बांकेबाज़ार मे की स्थित के एक मैरेज हॉल में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश सिंह जी ने प्रेसवार्ता कर कहा के निर्दोष के ऊपर हो रही पुलिसिया करवाई पर स्थानिय एसएसपी से बात करेंगे। साथ साथ घनी आबादी वाले क्षेत्र से उठ रहे




बालू पर बिहार के मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय विधायक से बात करेंगे। साथ साथ बालू उठाव में बरती जा रही अनियमितता पर भी संबंधित पदाधिकारी से बात करेंगे। अधिक गड्ढा और हेवी वाहन से क्षमता से अधिक बालू को सड़क से लेजाया जा रहा है जिससे सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है।

ये सारे मुद्दे को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इमामगंज विधानसभा के किसानों की समस्या से अवगत कराएंगे।

इस मौके पर पूर्व बिहार सरकार मंत्री अवधेश कुमार सिंह जी,कॉंग्रेस नेता टिक्का खान जी, संतोष कुमार जी गया जिला कांग्रेस कमिटी सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष श्री मो० अज़हरुद्दीन का

गया जिला कोंग्रेस **SC ST** के अध्यक्ष धर्मिंद्रा कुमार निराला जी कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवि कुमार भाषकर जी,भीम यादव जी,जीशान अफरीदी जी,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अयूब अली उर्फ कमर खान जी,विधानसभा युवा अध्यक्ष पवन कुमार जी,अज़मत खान जी आदि लोग मौजूद थे।



# मोदी जी सिर्फ़ सफ़ेद की गई ट्रेन को हरी झंडी दिखाने में व्यस्त रहते हैं : अनुराग चंदन

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस ( **OBC** ) विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनुराग चंदन जी ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि मोदी जी सिर्फ़ सफ़ेद की गई ट्रेन को हरी झंडी दिखाने में व्यस्त रहते हैं, परन्तु रेल और रेल यात्रीयों की सुरक्षा एवम सुविधा पर ना तो कोई ध्यान देना ज़रूरी समझा और ना ही मंत्रालय को दिशा निर्देश देना ज़रूरी समझा।

श्री अनुराग चंदन जी ज़ोर देते हुए कहा कि मोदी सरकार को उपर से लेकर नीचे तक के पदाधिकारीयों




की जवाबदेही तय करनी होगी ,जिस से की भविष्य में ऐसी दुर्घटना को होने से रोका जा सके। ना कि सिर्फ़ सुरक्षा कवच का जुमला सुना कर यात्रीयों की ज़िन्दगी के साथ खिलवाड़ किया जाए। मोदी जी दुर्घटना स्थल पर जाते हैं फ़ोटो सेशन कराते हैं और अपने मन का जुमला सुना कर दलाल गोदी मीडिया को सारा दिन अपने और अपनी सरकार के गुण गान में लगा देते हैं।


अनुराग चंदन जी ने मोदी सरकार से मांग की है कि :-

दुर्घटना में जिन यात्रीयों की मृत्यु हो गई है ,उनके परिवार को समुचित सरकारी सहायता दी जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए,

जख्मी यात्रीयों के इलाज की समुचित व्यावस्था की जाए और उनके परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए, हताहत यात्रीयों के बच्चों के शिक्षा और खान पान की समुचित व्यावस्था की जाए क्यों कि मरने वालों और ज़ख्मी हुए यात्रीयों में अधिकतर ग़रीब हैं जो अपने परिवार के जीवन यापन के लिए काम की तलाश या अपने अपने काम पर जा रहे थे ।

अगर मोदी सरकार इन माँग पर समुचित कदम नहीं उठाती है तो श्री अनुराग चंदन जी के नेतृत्व में मोदी सरकार के विरुद्ध संपूर्ण बिहार में आंदोलन हेगा और भाजपा नेतृत्व के साथ साथ भाजपा सरकार के मंत्रीयों को बिहार में आने से रोका जाएगा।




# सावरकर मूवी के माध्यम से इतिहास को लेकर दुष्प्रचार किया जा रहा है - अनम सुलतान

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



बिहार कांग्रेस के प्रतिनिधि और कांग्रेस के युवा नेता अनम सुलतान खान ने रणदीप हुड्डा की मूवी के निर्माताओं पर हमला बोला है, उन्होंने कहा की इस मूवी के टीजर में भ्रामक जानकारी दी गई है जो इतिहास की सच्चाई से बिलकुल विपरीत है, इस फिल्म के टीजर में कहा गया है की गांधी जी बुरे नहीं थे लेकिन अगर वो अहिंसावादी सोच पर अड़े नहीं रहते तो हमारा देश 35 साल पहले आजाद हो जाता, लेकिन सच्चाई यह है की हमारा देश 1947 में आजाद हुआ, तो उससे 35 साल पहले यानी 1912 और महात्मा गांधी भारत आए 1915 में और उन्होंने अपना पहला सत्याग्रह 1917 में बिहार के चंपारण में शुरू किया, सच्चाई के हिसाब से 35 साल पहले न तो महात्मा गांधी भारत में थे न उनकी अहिंसावादी सोच तो सावरकर को किसने रोका था 35 साल पहले आजादी लेने के लिए, ले लेते आजादी ! महात्मा गांधी भी भारत आते तो आजाद देश में आते।

उन्होंने आगे निर्माताओं से सवाल किया की इस फिल्म के अनुसार सावरकर ने भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और खुदी राम बोस को प्रोत्साहित किया था तो नाथूराम गोडसे को किसने प्रोत्साहित किया था और तो और जब भगत सिंह सरीखे आजादी के मतवाले देश के लिए फांसी के फंदे को चूम रहे थे तब सावरकर 1924 अंग्रेजो से माफी मांग कर उनसे 60 रुपया प्रतिमाह पेंशन किस चीज के लिए ले रहे थे यह बात निर्माता अपनी फिल्म में बताएंगे क्या ?




**बेगूसराय में केंद्र सरकार के 9 साल की विफलताओं पर जिला कांग्रेस कमिटी (विचार विभाग) द्वारा धिक्कार दिवस द्वारा अलख प्रारम्भ***





**दिनांक. 6/6/2023 को श्री सुनील कुमार अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सेवादल जी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से बनाया उनके निवास स्थान पर कांग्रेस पार्टी के श्री राजकुमार शर्मा जी भाई भारत कोशिक ब्लॉक अध्यक्ष अशोकनगर श्री नवीन चौधरी साहब महेश शर्मा जी सुशील कुमार समस्त साथियों के साथ जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अनिल शील अध्यक्ष जिला बाबरपुर कांग्रेस सेवादल की ओर से**



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, असम के पहले मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न श्री गोपीनाथ बोरदोलोई जी की जयंती पर सादर नमन।


महात्मा गांधी के अनुयायी श्री बोरदोलाई जी ने देश की आजादी से लेकर शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं असम के विकास के लिए जिस समर्पण और निष्ठा से काम किया, वह हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।




स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, असम के पहले मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न श्री गोपीनाथ बोरदोलोई जी की जयंती पर सादर नमन।

महात्मा गांधी के अनुयायी श्री बोरदोलाई जी ने देश की आजादी से लेकर शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं असम के विकास के लिए जिस समर्पण और निष्ठा से काम किया, वह हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा




स्वतंत्रता सेनानी और असम के प्रथम मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई को उनकी जयंती पर हम शत शत नमन करते हैं। असम के लोगों के प्रति उनके अटूट समर्पण के लिए 'लोकप्रिय' की उपाधि से सम्मानित, भारत रत्न पुरस्कार विजेता ने एक विरासत छोड़ी जो पीढ़ियों को प्रेरित करती रही।

# मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ,प्रदेश के यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री कमलनाथ जी की #नारीसम्मानयोजना



## #रीवा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ,प्रदेश के यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री कमलनाथ जी की #नारीसम्मानयोजना ''

आज #सेमरियाविधानसभा के बनकुईया ब्लाक ग्राम पंचायत बम्हौरी के ग्राम मोहनी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश व जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन मे आयोजित कार्यक्रम मे तमाम कांग्रेस जनों व बी०एल०ए० के साथ सम्मिलित हुआ साथ ही मातायों बहनो के बीच पहुंचकर फॉर्म पंजीकृत कर योजना (जिसमे माताओं बहनों को प्रत्येक माह 1500 रुपया एवं भाजपा सरकार में मिलने वाला 1200 रुपया का गैस सिलेंडर मात्र 500 रूपये में दिया जाएगा )

100 यूनिट बिजली माफ,200 यूनिट पर बिल हाफ

किसानों का कर्ज होगा माफ,

पुरानी पेंशन योजना लागू करेंगे,

की जानकारी दी गयी ,सभी आमजन मातायें बहने उत्सुकता के साथ संकल्पित है कांग्रेस पार्टी की कमलनाथ सरकार बनाने के लिए ।

# 15 जून को बगहा से पटना के लिए रेल मांग को लेकर भूख हड़ताल



## बगहा विधानसभा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

दिनांक 06 जुन 2023 को बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी ने निवास स्थान डूमरिया में बगहा कांग्रेस कमिटी की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से तय हुआ कि 15 जुन को बगहा से पटना के लिए रेल मांग को लेकर भुख हड़ताल होगा।

माननीय विधायक दल के नेता जनाब डॉ शकील अहमद खान साहब का बगहा में जल्द आगमन होगा।

बैठक में नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद, शेष चन्द यादव, सुजीत कुमार सोनी, चन्दा राम, शुत्रघ्न साह, इरफान अंसारी,शिव मुसहर, हृदया गोंड, दिनेश यादव, श्याम कुशवाहा, जय प्रकाश यादव, भुनेश्वर मिश्रा, जय प्रकाश यादव, धरम नाथ तुरहा, सुभाष साह, दीनानाथ राम,हरि पंडित, प्रकाश पासवान, मोहन चौधरी,रवि शंकर चौहान,राम दास,भुवाल यादव, अशोक कुमार, ईमरान मोमिन, हरेंद्र पांडेय, नेसार अंसारी वगैरह कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

